
दैनिक
न्याय साक्षी

# खबरें खास



## महत्वपूर्ण एवं खास

### छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया रिमांड पर



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना भूपदेवपुर में 14 वर्षीय बालिका ने दिनांक 29.11.19 को स्कूल से आते समय स्टेशनपारा भूपदेवपुर में रहने वाला रोहित चौहान द्वारा छेड़खाड करने की रिपोर्ट दर्ज करायी। रिपोर्ट बाद थाना प्रभारी भूपदेवपुर उत्तम कुमार साहू एवं स्टाफ द्वारा आरोपी को हिरासत में लेकर थाने लाये जिसे गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। पीड़िता बतायी कि दिनांक 28/11/2019 को शाम लगभग 4:00 बजे जब अपनी बहन एवं सहेलियों के साथ स्कूल से घर जा रही थी, रास्ते में रोहित चौहान अचानक मोटर सायकल में इसे पास आया और गंदे कमेंट कर हाथ पकड़कर खींचने लगा, जिसका विरोध करने पर रोहित चौहान अश्लील गालियां देने लगा। बालिका की बहन और सहेलियों ने भी आकर बीच बचाव किया। बालिका द्वारा घटना की जानकारी घर में परिजनों को देकर इस संबंध में थाना भूपदेवपुर में रोहित चौहान के विरूद्ध अप.क्र. 194/19 धारा 354, 294 भादवि0 एवं 8 पाक्सो एक्ट दर्ज कराया गया जिस पर भूपदेवपुर पुलिस द्वारा आरोपी रोहित चौहान पिता मंगल चौहान 19 साल निवासी भूपदेवपुर स्टेशनपारा तिलाईपाली को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

### ऑनलाईन छात्रवृत्ति कार्य हेतु प्रशिक्षण आज

**» जिंदल स्कूल ऑडिटोरियम में विकासखण्डवार होगा प्रशिक्षण**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** ऑनलाईन छात्रवृत्ति सत्र 2019-20 में कार्य के सुचारू व समयावधि में संपादन के लिए विकासखण्डवार प्रशिक्षण का आयोजन 30 नवम्बर 2019 को किया गया है। प्रशिक्षण में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त शासकीय, अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्रधान पाठकों की उपस्थिति अनिवार्य है। विकासखण्डवार प्रशिक्षण का आयोजन ओपी जिंदल स्कूल ऑडिटोरियम पतरापाली खरसिया रोड रायगढ़ में किया गया है। जिसमें 30 नवम्बर 2019 को विकासखण्ड सारंगढ़, धरमजयगढ़ एवं घरघोड़ा का प्रशिक्षण दोपहर 12.30 बजे से 1.45 बजे तक, विकासखण्ड बरमकेला, खरसिया एवं लैलूंगा का प्रशिक्षण दोपहर 2 बजे से 3.15 बजे तक तथा विकासखण्ड पुसौर, रायगढ़ एवं तमनार का प्रशिक्षण दोपहर 3.30 बजे से 4.45 बजे तक होगा। उक्त प्रशिक्षण में उपस्थित नहीं होने पर छात्रवृत्ति संबंधी समस्त त्रुटि के लिए संस्था प्रमुख एवं छात्रवृत्ति प्रभारी जिम्मेदार होंगे।

### नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति हेतु सहायक रिटर्निंग आफिसर के साथ कर्मचारियों की लगी ड्यूटी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी यशंवत कुमार द्वारा नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2019 के तहत हेतु नगर निगम रायगढ़ के लिए 30 नवम्बर से 6 दिसम्बर 2019 तक नाम निर्देशन पत्रों को प्राप्त करने के लिए सहायक रिटर्निंग आफिसर के सहयोग हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जो नाम निर्देशन पत्र प्राप्त कर पंजीकरण रसीद एवं प्रपत्र आदि का प्रदाय एवं निक्षेप राशि प्राप्त करने में सहयोग करेंगे।

जिसमें नगर निगम के वार्डों के लिए अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन प्राप्ति हेतु वार्ड क्रमांक 1 से 12 तक के लिए अपर कलेक्टर के न्यायालय कक्ष क्रमांक 30 में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा को सहायक रिटर्निंग आफिसर के साथ सहायक ग्रेड-3 बेरनाड एक्का को नियुक्त किया गया है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 13 से 24 तक के लिए कलेक्टर न्यायालय कक्ष क्रमांक 2 में डिप्टी कलेक्टर युगल किशोर उर्वशा के साथ सहायक ग्रेड-2 शिव कुमार देवांगन, वार्ड क्रमांक 25 से 36 तक के लिए कक्ष क्रमांक 37 में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती नम्रता आनंद डोंगरे के साथ सहायक ग्रेड-2 अमीलाल ठेठवार एवं वार्ड क्रमांक 37 से 48 तक के लिए अपर कलेक्टर न्यायालय कक्ष क्रमांक 16 में नगर निगम आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता को सहायक रिटर्निंग आफिसर तथा संलग्न कर्मचारी सहायक ग्रेड-2 विजय सरकार को नियुक्त किया गया है।

# एटीएम क्लोनिंग के जरिए रुपए निकालने वाले अंतर्राज्यीय गैंग का एक आरोपी कोतरारोड पुलिस की गिरफ्त में

**» मुख्य आरोपी को बिहार से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर लायी कोतरा रोड पुलिस**

**» गिरफ्तार आरोपी बी.टेक डिग्रीधारी इंजीनियर से 7,000 रूपये व मोबाईल जप्त**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** गत दिनों थाना कोतरारोड क्षेत्र अंतर्गत किरोडीमल नगर के एटीएम से क्लोनिंग के जरिए रुपए निकाले जाने की रिपोर्ट दिनांक 22.11.19 को जिंदल पतरापाली निवासी श्रीमती सरोज देवी द्वारा थाना कोतरारोड में दर्ज कराया गया था जिस पर कोतरारोड थाने में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 330/19 धारा 420 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना दरमियान कोतरारोड पुलिस द्वारा पीड़िता सरोज देवी और उसके पुत्र गुलशन तथा गवाहों का से पूछताछ किया गया। संबंधित किरोड़ीमल नगर आजाद चौक के पास स्थित एसबीआई एटीएम तथा मार्ग में लगे सीसीटीवी का फुटेज निकलवाकर चेक किया गया। साथ ही थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक रूपक शर्मा द्वारा इस प्रकार की वारदात हॉल ही में कहां-कहां घटित हुई है, इस संबंध में जानकारी जुटाया गया। विवेचना दरमियान रायगढ़ सायबर सेल के सायबर एक्सपर्ट से सुधांशु कुमार निवासी गया, बिहार के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण सुराग हासिल हुए तथा रूपये



रायगढ़- रांची- बिहार मार्ग पर स्थित एटीएम से रूपये से निकाले गये हैं। जिस पर थाना प्रभारी कोतरारोड़ द्वारा पुलिस अधीक्षक से अनुमति प्राप्त कर कोतरारोड थाने से टीम गठित कर आरोपी कि पतासा जी गिरफ्तारी के लिए टीम बिहार रवाना किया गया। कोतरारोड पुलिस की टीम आज आरोपी सुधांशु कुमार भूमिहार निवासी फतेहपुर जिला गया बिहार को उसके सकुनत से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर रायगढ़ लेकर आई।

आरोपी उच्च शिक्षा प्राप्त आईआईटी चेन्नई से बी.टेक पढ़ा इंजीनियर है जिसने बताया कि उसके साथ गैंग में अन्य 3 लोग और भी हैं। आरोपी सुधांशु कुमार ने बताया कि 2015 से 18 तक जिओ कंपनी में प्रोजेक्ट इंजीनियर के पद पर हरियाणा में कार्यरत था। करीब 6 माह पहले यूट्यूब वीडियो देखकर एटीएम क्लोनिंग करना सीखा और अपने तीन और साथियों के साथ मिलकर एटीएम से क्लोनिंग कर पैसा निकालने की योजना बनाये और जिसके लिए ऑनलाइन शॉपिंग साइट से स्कीयर, स्लेक एटीएम करीब 8 नग मंगवाये और लैपटॉप, वैगनआर खरीद कर बिहार से झारखंड होते हुए रामानुजगंज, अंबिकापुर और रायगढ़ के एटीएम में घटना कारित किये है। आरोपी ने बताया कि इसके 2 साथी एटीएम लाइन में खड़े होकर लोगों के एटीएम कार्ड को देखा करते थे और एटीएम खाली होने पर उसमें अपना लगाया स्केयर निकालकर स्टिनर मशीन के जरिए क्लोनिंग कर रुपए निकालते हैं। आरोपी ने बताया कि बिहार से वैगनआर कार से रायगढ़ आये थे। घटना कारित से मिले रुपयों को बांट लिए हैं। रुपये और वैगन आर कार को अपने तीन साथियों के पास होना आरोपी बताया है। आरोपी से 7,000 रूपये नगद और एक सिम लगा मोबाईल जप्त किया गया है, शेष आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

## पुलिस परिवारजनों से मिले पुलिस अधीक्षक, सुनी उनकी समस्याएं



**» बोले बच्चों को दूर रखें नशे से**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस ग्राउंड में पुलिस खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए पहुंचे पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा रक्षित निरीक्षक प्रशासनिक भवन के मीटिंग हॉल में दिनांक 29.11.19 को पुलिस परिवारजनों के साथ बैठक कर चर्चा किये। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उपस्थित पुलिस परिवार की महिलाओं को पुलिस परिवार के लिये बनायी गई योजनाएं, बच्चों को मिलने वाले स्कॉलरशिप आदि की जानकारी दिए और उनकी समस्या पूछे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि अपने बच्चों को नशे से दूर रखें।

बच्चों की पढ़ाई खेलकूद, स्वास्थ्य आदि पर कोई समस्या हो तो निसंकोच बतावे। पुलिस लाइन में वेलफेयर के जरिए आगामी दिनों में किए जाने वाले कार्यो की जानकारी भी दिए और उनसे सुझाव मांगे हैं। उन्होने वर्तमान में डेंगू की शिकायतों को लेकर घर आसपास साफ-सफाई रखने के लिये बोले।

## अच्छी फिटनेस व तनाव कम करने के लिये रिजर्व पुलिस लाईन में खेलकूद का आयोजन







**न्याय साक्षी/रायगढ़। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा रिजर्व इंस्पेक्टर अमरजीत खूंटे को पुलिस लाईन में परेड, रिफ्रेर्स कोर्स के साथ जवानों को योगा, खेलकूद आदि कराने के निर्देश दिये हैं।**

पुलिस अधीक्षक सिंह द्वारा जवानों के फिटनेस और खेलकूद को प्राथमिकता देते हुए आर.आई. खूंटे से रेंज स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता में जिले के पुलिस जवानों के प्रदर्शन की जानकारी लेकर जवानों को फिटनेस तथा खेलों के प्रति प्रोत्साहित करते हुए बताये कि ज्यादातर कानून व्यवस्था आदि में पुलिस बल व्यस्त रहता है। इसके बावजूद हमें अपनी फिटनेस के लिये कुछ समय निकालना चाहिए और इसका सबसे सटिक उपाय खेल है। खेलने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और खेल तनाव दूर करने का एक माध्यम भी है।

निर्देशों के पालन में आर.आई. अमरजीत खूंटे द्वारा सभी थाना/चौकी प्रभारियों को आज सुबह जनरल परेड के बाद पुलिस लाईन में व्हालीबॉल, क्रिकेट और बेडमिंटन प्रतियोगिता की जानकारी देकर जवानों को लाईन बुलवाये। सुबह जनरल परेड के बाद पुलिस ग्राऊंड में पुलिस टीम७ और पुलिस टीम-क्क के बीच 14 तथा 12 ओव्हर को क्रिकेट मैच हुआ। पुलिस टीम७ के कप्तान आर.आई. अमरजीत खूंटे एवं पुलिस टीम-क्क के कप्तान एडिशनल एसपी ट्राफिक आर.के.मिंज थे। वॉलीबॉल और बेडमिंटन कोर्ट पर भी पुलिस के जवान टीम बनाकर मैच खेले।

एडिशनल एसपी ट्रैफिक मिंज ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कुछ ना कुछ खेलना चाहिए खेलना चाहिए। खेल में खिलाड़ी जितने की भावना से खेलता है अनुशासित होता है और इससे लीडरशिप अच्छी होती है। सभी अधिकारी/कर्मचारियों ने खेलों का खूब आनंद उठाया और एक तरीके से उनका अगामी अंतर संभागीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का अभ्यास भी हो गया।

विदित है कि रेंज स्तर पर पुलिस खेलकुद प्रतियोगिता के लिये पुलिस की पुरूष महिला कबड्डी टीम, हॉकी, वॉलीबाल, बैडमिन्टन, जेवलिन-थ्रो, ट्रिपल जम्प, वुशु, चेस फूटबॉल, बॉस्केटबॉल, लॉग जम्प, हाई जम्प, दौड (15 सौ, 5 हजार, 10 हजार मीटर) के लिये जिले से चयनित खिलाडियों द्वारा बिलासपुर रेंज में जाकर अच्छा प्रदशर्न किये हैं। अगामी पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारियां भी की जा रही है। 6वीं ऑल इंडिया टूर्नामेंट के हॉकी मैच में भाग लेने दो आरक्षक भिलाई रवाना हुये हैं।

## ऑनलाईन छात्रवृत्ति तथा जाति प्रमाण-पत्र कार्यों के लिए जिला व विकासखण्ड स्तरीय नोडल व सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार द्वारा ऑनलाईन छात्रवृत्ति तथा शासकीय तथा अशासकीय विद्यालयों की कक्षा पहली से बारहवीं तक जाति प्रमाण-पत्र बनाये जाने संबंधी कार्य के सुचारू संपादन एवं मॉनिटरिंग हेतु जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय नोडल तथा सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

जिला नोडल अधिकारी के रूप में शैलेन्द्र कुमार कर्ण प्राचार्य शास.उ.मा.विद्यालय रायकेरा को नियुक्त किया गया है। विकासखण्ड बरमकेला के लिए गिरजा शंकर धीवर बीईओ बरमकेला वि.ख.नोडल अधिकारी एवं आर.एन.नवरंगे प्रभारी एबीईओ बरमकेला सहायक नोडल अधिकारी बरमकेला होंगे। विकासखण्ड सारंगढ़ के लिए आर.एन.सिंह बीईओ सारंगढ़ वि.खं.नोडल अधिकारी एवं रवि कुमार डोंगरे एबीईओ सारंगढ़ को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। विकासखण्ड पुसौर के लिए दिनेश कुमार पटेल बीईओ पुसौर वि.खं.नोडल अधिकारी एवं उत्तरा कुमार सिदार एबीईओ पुसौर सहायक नोडल अधिकारी होंगे। विकासखण्ड खरसिया हेतु एल.एन.पटेल प्राचार्य शास.उ.मा.विद्यालय मदनपुर वि.खं.नोडल अधिकारी एवं लाभेश दर्शन व्याख्याता एलबी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। विकासखण्ड धरमजयगढ़ में एस.आर.सिदार बीईओ धरमजयगढ़ वि.खं.नोडल अधिकारी एवं रवि शंकर सारथी एबीईओ धरमजयगढ़ को सहायक नोडल अधिकारी होंगे। विकासखण्ड लैलूंगा हेतु जी.आर.जाटवर बीईओ लैलूंगा वि.खं.नोडल अधिकारी एवं अरविन्द राजपूत एसडीएम लैलूंगा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## डेंगू रोकथाम के लिए स्कूली बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली





**» मोर घर हर इतवार 10 बजे हो ही डेंगू पर वार, का दिया संदेश**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार के निर्देशानुसार डेंगू के रोकथाम एवं बचाव हेतु लोगों में जन-जागरूकता लाने के लिए लक्ष्मीपुर सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा जन-जागरूकता रैली निकाली गई। रैली सुबह 10.30 बजे इंदिरा नगर प्रारंभ होकर जोगीडीपा एवं केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड क्षेत्रों का भ्रमण कर %मोर घर हर इतवार 10 बजे हो ही डेंगू पर वार' का संदेश दिया। साथ ही माईक के माध्यम से लोगों को डेंगू के लक्षण, बचाव व रोकथाम के बारे में प्रचार-प्रसार करते हुए पाम्पलेट भी वितरित किया गया। रैली में विद्यालय के समस्त विद्यार्थी व शिक्षकगण तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी सम्मिलित हुए।

## राजनैतिक प्रतिनिधियों को नाम निर्देशन के लिए ऑनलाईन प्रक्रिया के बारे में दिया गया प्रशिक्षण

**» निर्वाचक पंजी में आय-व्यय का भरना होगा विवरण**

**» अभ्यर्थी दो बार व्यय लेखा संपरीक्षक से निर्वाचन पंजी का करायेंगे सत्यापन**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2019 हेतु आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर.ए.कुरूवंशी की उपस्थिति में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को नाम निर्देशन के लिए ऑनलाईन फार्म भरने की प्रक्रिया और व्यय सीमा के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। जिला कोषालय अधिकारी अनिल पटेल ने बताया कि निर्वाचन लडने़ वाले अभ्यर्थी को नगर पंचायत में 50 हजार, नगर पालिका में 1.50 लाख एवं नगर निगम में 3 लाख रुपए तक ही खर्च कर सकते है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा निर्धारित व्यय सीमा का पालन करना होगा और मतदान से पूर्व अभ्यर्थियों को दो बार निर्वाचन पंजी व्यय लेखा संपरीक्षक के पास सत्यापन कराना होगा। उन्होंने बताया कि 48 वार्ड के प्रत्याशियों के लिए संपरीक्षक गठित की गई है, जिनके माध्यम से निर्वाचन लडने़ वाले अभ्यर्थियों का आय-व्यय का पंजी व्यय लेखा संपरीक्षक चेक करेंगे। प्रत्याशियों को इन्कम टैक्स नियमों का भी पालन करना होगा। 10 हजार से अधिक राशि का भुगतान चेक के माध्यम से ही करना होगा। साथ ही उन्हें निर्वाचन आय-व्यय का प्रतिदिन का पंजी संधारित करना होगा। अभ्यर्थियों को प्रतिदिन पंजी में निर्वाचन व्यय का सार का विवरण भरना होगा। साथ ही रैली, प्रचार-प्रसार, विज्ञापन, बैनर, पोस्टर, जुलूस आदि खर्चो की भी जानकारी देनी होगी। पंजी सत्यापन के समय बिल-व्हाउचर काउंटर साईन करके छायाप्रति जमा करना होगा और ओरिजनल दस्तावेजों को भी दिखाना होगा।

जिला स्तर के मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल ने बताया कि मतदान 21 दिसम्बर को मतपत्र के माध्यम से होगा। प्रत्याशी की आयु सीमा 21 वर्ष होनी चाहिए और मतदाता सूची में उसका नाम होना अनिवार्य है। साथ ही अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) द्वारा जारी जाति प्रमाण-पत्र ही मान्य होंगे। प्रोग्रामर अखिलेश यादव ने नाम निर्देशन के ऑनलाईन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्याशी अपने मोबाइल, लैपटाप या च्वाईस सेंटर के माध्यम से भी नाम-निर्देशन के लिए ऑनलाईन फार्म भर सकते है। इसके लिए अभ्यर्थी को मोबाईल नंबर, शपथ पत्र, अभ्यर्थी तथा प्रस्तावक के मतदाता सूची में नाम दर्ज होने की जानकारी, निक्षेप राशि जमा करने की रसीद, अनिवार्य दस्तावेज, आग्नेय प्रमाण-पत्र जमा करना अनिवार्य होगा। साथ ही अभ्यर्थियों को नया खाता खोलना होगा या पुराने खाते के बैलेंस को नील करना होगा एवं पासबुक की छायाप्रति जमा करनी होगी। ऑनलाईन फार्म के साथ ब्लेक एण्ड व्हाईट 5 प्रति में, जाति प्रमाण-पत्र जैसे अनिवार्य दस्तावेजों को अपलोड करना होगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480